-149-

7968
08-12-21

संख्याः-3460 /छिहत्तर-1-2021-05सम/2019

प्रेषक,

अच्छे लाल सिंह यादव,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
लखनऊ।

नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 06 दिसम्बर, 2021

विषयः- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु फर्म/कार्यदायी संस्थाओं का चयन/इम्पैनलमेन्ट किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2599/डब्लू-314(JJM PMU)/2021, दिनांक 09 नवम्बर, 2021 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फर्म/कार्यदायी संस्थाओं का चयन/इम्पैनलमेन्ट किए जाने के संबंध में कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक का एजेण्डा उपलब्ध कराया गया है।

2- प्रश्नगत मामले में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्ताव/एजेण्डा के संबंध में कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित समिति की दिनांक 16 नवम्बर 2021 को की गयी संस्तुति के क्रम में सम्यक विचारोपरान्त निम्नलिखिते प्रस्ताव अनुमोदित किए जाते हैं :-

FD/UC(ID)/WDS 09/12/21

(क) डी0पी0एम0यू0-1 हेतु प्राप्त निविदाओं के पुनः मूल्यांकन किये जाने के पश्चात् संस्थाओं की परिवर्तित प्रस्थिति से अवगत होते हुए, डी0पी0एम0यू0-1 हेतु प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 1525/W-314/(JJM/PMU)/2021 के अन्तर्गत **M/s Aarvee Associates Architects Engineers & Consultants Pvt. Ltd in JV with NIPPON KOEI Co. Ltd.** को अधिकतम अंक-**83.07** प्राप्त हुए हैं तथा संस्था द्वारा निर्धारित कार्यों हेतु रु0 118,16,53,200.00 कोट किये गये हैं, पर फर्म के चयन तथा चयनित फर्म से कार्य कराये जाने की स्वीकृति के संबंध में दिनाक 14-05-2021 को सम्पन्न समिति की पूर्व बैठक में निविदादाता **M/s Rodic Consultants Pvt. Ltd. in JV with RITES LTD.** के संबंध में की गयी संस्तुतियों को निरस्त करते हुए निविदादाता M/s Aarvee Associates Architects Engineers & Consultants Pvt. Ltd in JV with NIPPON KOEI Co. Ltd. की निविदत्त लागत कार्य लागत से कुछ अधिक होने के दृष्टिगत M/s Aarvee Associates Architects Engineers & Consultants Pvt.Ltd in JV with NIPPON KOEI Co.Ltd.से निगोशिएशन किया जाए।

AM 10/12/21

(ख) जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों में प्रशिक्षण कार्य कराये जाने के लिए आवश्यक सामग्री यथा-प्रशिक्षण किट एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था हेतु न्यूनतम दर रु0 1,584/- पर उच्चतम गुणवत्ता सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित 08 निविदादाताओं को इम्पैनल्ड किये जाने का प्रस्ताव अनुमोदित किया जाता है:-

Sr. no.	Name of Agency
1.	Appinventiv Technologies Private Limited
2.	Deckmart Media
3.	M/s Infotech Solutions
4.	M/s Falcon
5.	Action For Rural Development
6.	Pragyawan Technologies Private Limited
7.	Amber Press Pvt. Ltd
8.	UP Industrial Consultant Limited

M. Aparna
10/12/2021

(ग) जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के माध्यम से हर घर नल से जल उपलब्ध कराने एवं योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित कुशल मानव संसाधन यथा-राजमिस्त्री, प्लम्बर, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, पम्प ऑपरेटर तथा मोटर मैकेनिक इत्यादि के प्रशिक्षण कराये जाने हेतु न्यूनतम् दर रू0 54,807.00 पर उच्चतम गुणवत्ता सामग्री आपूर्ति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के क्रम मे शासन के पत्र संख्या-3233/76-1-2021-5सम/2019 दिनांक 17-11-2021 द्वारा निर्गत कार्यवृत्त में उल्लिखित कुल 71 निविदादाताओं को इम्पैनल्ड किये जाने का प्रस्ताव अनुमोदित किया जाता है।

3- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया सन्दर्भित प्रकरण में उपरोक्तानुसार अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही कराते हुए कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अच्छे लाल सिंह यादव) 06/12/2021
विशेष सचिव।

संख्या-3565 (1)/छिहत्तर-1-2021-05सम/2019 तद् दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।
2. निजी सचिव, मा0 जल शक्ति मंत्री जी, उत्तर प्रदेश।
3. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
4. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वित्त/नियोजन/न्याय एवं पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
6. निजी सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
7. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 अम्बरीष कुमार सिंह)
उप सचिव।